शिक्षा मंत्री (डा० त्रिगुण सेन): (क) और (ख). मानविकी और विज्ञान के संकाय में अनुपात 15 : 1 है और शिक्षा संकाय में 9 : 1 और ये सामान्यतः दूसरे विश्वविद्यालयों की तुलना में अच्छे हैं।

(ग) और (घ). चूंकि सब मिला कर जामिया मिलिया के वर्तमान अनुपात दूसरे विश्वविद्यालयों को तुलना में अच्छे हैं, इसलिए प्रश्न नहीं उठता।

विस्थापित स्वयं सेवक सगठन

8547. **श्री शिव कुमार शास्त्री :**
श्री रघुबीर सिंह शास्त्री :
श्री प्रकाशवीर शास्त्री :
श्री आत्म दास :
श्री महन्त दिग्विजय नाथ
डा० सूर्य प्रकाश पुरी :
श्री यशवन्त सिंह कुशवाह :
श्री रामावतार शर्मा :

क्या **गृह-कार्य** मन्त्री यह बताने को कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली में 50,000 विस्थापित स्वयं सेवकों का एक संगठन स्थापित किया जा रहा है जो नगर में विधि तथा व्यवस्था स्थापित कर सकेगा और आपात के समय पुलिस का स्थान ले सकेगा; और

(ख) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है और केन्द्रीय सरकार का उसे क्या सहायता देने का विचार है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : (क) जी, नहीं श्रीमान्।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता।

विदेशों द्वारा ईसाई संस्थाओं को सहायता

8548. **श्री शिवकुमार शास्त्री :**
श्री प्रकाशवीर शास्त्री :
श्री महन्त दिग्विजय नाथ :
श्री यशवन्त सिंह कुशवाह :
श्री रघुबीर सिंह शास्त्री :
श्री आत्म दास :
डा० सूर्य प्रकाश पुरी :
श्री रामावतार शर्मा :

क्या **गृह-कार्य** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने विदेशों द्वारा भारत में ईसाई संस्थाओं को सीधी सहयता दिये जाने पर प्रतिबन्ध लगाने के लिये कोई योजना बनाई है;

(ख) क्या सरकार को इस सम्बन्ध में सामाजिक तथा धार्मिक संगठनों से भी कोई सुझाव प्राप्त हुए हैं; और

(ग) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है और सीधी सहायता दिए जाने पर प्रतिबन्ध न लगाने के क्या कारण हैं ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल): (क) जी, नहीं, श्रीमान्।

(ख) ऐसे कोई सुझाव प्राप्त नहीं हुए हैं।

(ग) प्रश्न ही नहीं उठता।

Burglaries in Delhi

8459. **Shri Jyotirmoy Basu:**
Shri E. K. Nayanar:
Shri Ganesh Ghosh:

Will the Minister of **Home Affairs** be pleased to state:

(a) the number of burglaries which took place during June, 1967 in Delhi South Police District with break-up, Police Station-wise;

(b) the number out of them that took place during the day time;

(c) the number of houses burgled more than once during June, 1967;

(d) the result of investigations; and

(e) the reasons for failure of Delhi police in detecting and preventing crimes?

The Minister of State in the Ministry of Home Affairs (Shri Vidya Charan Shukla): (a) and (b). A statement is laid on the Table of the House. [*Placed in Library. See* No. *LT*-1411/67].

(c) One.

(d) Out of total number of 52 cases of burglaries reported in the South district during June, 1967, 29 have been filed as untraced. Out of the remaining cases, 20 are under investigation and 3 are pending trial in the Court.

(e) Intensive efforts are made to work cases against property offences and special drives are launched to bring the culprits to book.

राजस्थान में टेलीफोन सेवा

8550. **श्री ओंकार लाल बोहरा** : क्या **संचार** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछड़े हुए क्षेत्रों में विशेष रूप से राजस्थान में टेलीफोन सुविधाओं का विस्तार करने के लिये सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई है ताकि दूर के क्षेत्रों को एक ही संचार माध्यम से मिलाया जा सके; और

(ख) सीमान्त क्षेत्रों में विशेषतया जैसलमेर तथा बाडमेर और आदिवासी क्षेत्रों में भी संचार सुविधाओं की व्यवस्था करने के लिये क्या योजनायें बनाई गई हैं ?

संसद्-कार्य तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री इ० कु० गुजराल) : (क) यदि योजना विभाग के लिए लाभप्रद हो तो किसी भी क्षेत्र के लिए टेलीफोन सेवा का विस्तार करने की आम तौर पर मंजूरी दे दी जाती है। फिर भी मौजूदा नीति के अनुसार केवल निम्नलिखित श्रेणियों के स्थानों पर घाटे के आधार पर भी सार्वजनिक टेलीफोन घर की सुविधाएं दे दी जाती हैं:—

(1) जिला तथा उपमंडल मुख्यालय

(2) 20,000 से अधिक जन संख्या वाले स्थान;

(3) तहसील तथा उसी के बराबर वाले मुख्यालय नगर।

(ख) राजस्थान तथा कुछ अन्य राज्यों में सीमा के निकट कुछ स्थानों पर घाटे के आधार पर दूरस्थ सार्वजनिक टेलीफोन घर खोल कर टेलीफोन सुविधाएं देने का एक प्रस्ताव विभाग के विचाराधीन है।

Asiatic Society, Calcutta

8551. Shri Jyotirmoy Basu:
Shri C. K. Chakrapani:
Shri P. P. Esthose:
Shri Satya Narain Singh:

Will the Minister of **Education** be pleased to state:

(a) the expenditure incurred by the Asiatic Society, Calcutta during 1965 and 1966;

(b) whether the Society is facing a heavy deficit; and

(c) if so, whether Government propose to give them a lmp-sum grant to meet the deficit?

The Minister of State in the Ministry of Education (Shri Sher Singh): (a) 1965: Rs. 2,04,237.65.
1966: Rs. 1,93,745.51.

(b) Yes, Sir.

(c) The request of the Society for *ad-hoc* grant is receiving consideration.

Land for Schools in New Delhi

8552. Shri E. K. Nayanar:
Shri Jyotirmoy Basu:
Shri Ganesh Ghosh:

Will the Minister of **Education** be pleased to state:

(a) whether it is a fact that schools like the Lady Irwin School, Raisina Anglo Vernacular School and Municipal Schools etc. have not yet been provided any site for expanding their